### न्यूज ब्रीफ

#### कैंट में आज भी प्रभावित हो सकती है जलापूर्ति

बरेली। भूमिगत पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण मंगलवार को कैंट के सदर बाजार की जलापूर्ति ठप रही। जिससे क्षेत्र वासियों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद शाम को क्षेत्र की जलापूर्ति सुचारू हो सकी। बताते हैं बीती रात मदारीकी पुलिया के पास बड़ी मस्जिद के सामने की भूमिगत पाइपलाइन में फॉल्ट आ गया था। मंगलवार को सुबह खुदाई के बाद पाइप कई जगह से क्षतिग्रस्त निकली। जिसे बोर्ड के कर्मचारी दुरुस्त करने में लग रहे। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को डायरेक्ट जोड़कर फिलहाल जलापूर्ति चालू कर दी गई है बुधवार को फिर मरम्मत की जाएगी इससे जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है।

#### महिला से मारपीट, तीन के खिलाफ कार्रवाई

**भमोरा, अमृत विचार :** राजूपुर गांव निवासी अनुराधा मंगलवार सुबह अपने खेत पर पहुंची तो वहां गांव निवासी संतोष और ताराचंद द्वारा खेत में घूरा डाल दिया गया था। महिला ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि संतोष और ताराचंद गाली-गलौज करने लगे और विरोध बढ़ने पर अपने परिजनों के साथ मिलकर महिला तथा बीच-बचाव करने पहुंचे उसके ससुर भूपराम के साथ मारपीट की। भमोरा पुलिस ने नीरज, ताराचंद और जगतपाल के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है।

#### जातिसूचक शब्दों का वीडियो वायरल, तहरीर

**भुता, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर अनुसूचित समाज के लोगों को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर रहे। युवक का वीडियो वायरल हो गया है।। प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर की शिकायत की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

#### गन्ना लदे ट्रक में आग



**बहेड़ी। अमृत विचार :** बहेड़ी-शेरगढ़ रोड पर गन्ने के एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते-देखते ट्रक से आग की ऊँची-ऊँची लपटें निकलने लगीं।ट्रक में आग लगने पर ड्राइवर ट्रक से कूद गया। जानकारी के मुताबिक मोहम्मदपुर गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना लेकर ट्रक बहेड़ी चीनी मिल आ रहा था, तभी रास्ते में आग लग गई। गांव जसनपुर का सतीश ट्रक चला रहा था। आग लगने का अहसास होने पर वह ट्रक रोककर कूद गया। ते -देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड की गाड़ी से आग बुझाई गई।

#### किशोरी को दोबारा भगा ले गया युवक, मुकदमा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की नाबालिग को गांव का ही युवक दोबारा बहला फुसलाकर ले गया है। पीडिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद भी आरोपी के हौसले बुलंद रहे और वह 28 जनवरी को दोबारा उनकी 14 वर्षीय बेटी को भगा ले गया।

# करोड़ों के कई प्रोजेक्ट बंद होने की डीएम से शिकायत

## तीन पंचायत सदस्यों ने शपथ पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने का लगाया आरोप
- रूर्बन मिशन के बंद पड़े कई प्रोजेक्ट पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** फरीदापुर इनायत खां ग्राम पंचायत के चार सदस्यों ने विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाकर अपना इस्तीफा देने के लिए डीएम को शपथ पत्र सौंपे हैं इसके साथ सदस्यों ने गांव रूर्बन मिशन के तहत बने कई प्रोजेक्ट बंद पड़े होने को लेकर कार्यवाही की मांग की है।

पंचायत सदस्य दिनेश कुमार, अंशु पटेल और रामकुमार ने डीएम को सौंपे शपथपत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यों की खुली बैठक नही की जाती और सदस्यों को बिना सहमति के कार्य कराये जा रहे हैं। जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। इसके साथ तीनों सदस्यों और ग्रामीणों ने डीएम से लिखित शिकायत कर बताया कि गांव में श्याम प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के अंतर्गत करोडों रुपये खर्च कर गांव में मंडी, बारात घर और कोल्ड स्टोर बनाये गए।आरोप है कि प्रधान और सचिव की अनदेखी की वजह से सब प्रोजेक्ट बंद पड़े हुए हैं।ऐसे में भी सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।सदस्यों ने पूरे मामले की जांच करवाकर कार्यवाही की मांग की है।

पंचायत सचिव युधिष्ठिर सिंह ने बताया कि तीनो प्रोजेक्ट को चलाने की जिम्मेदारी जिला स्तर से बाहर की एजेंसियों को सौंपी गई थी।लेकिन,एजेंसियों द्वारा संचालन नही किया जा रहा है और न ही वह ग्राम पंचायत को कोई शुल्क जमा कर रहीं हैं।जिसको लेकर पीडी (डीआरडीए) को पत्र भी भेज चुके हैं।उन्होंने बताया गांव में खुली बैठक की जाती है और सदस्यों को बुलाया भी जाता है लेकिन कुछ सदस्य बैठक में नही आते।

## जमीनी रंजिश में दरोगा की पत्नी को दबंगों ने पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने पीएसी रामपुर में तैनात दरोगा की पत्नी को रास्ते में घेर कर जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की ओर से कैंट पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु तहरीर दी गई है। नकटिया स्थित वीआईपी कॉलोनी निवासी सुशीला ने बताया, कि उनके पति लखपत सिंह रामपुर पीएसी में दरोगा के पद पर तैनात हैं। मंगलवार को सुबह सामान लेने घर से निकली थी। इसी दौरान रंजिश के चलते पड़ोसी दबंग लोगों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। मारपीट में महिला को गंभीर अंदरूनी चोटें आ गईं। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बेटी के प्रेम विवाह से नाराज पिता का समधी और परिवार पर हमला

संवाददाता, भोजीपुरा

- महिलाओं को भी नहीं बख्शा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सुरला गांव में प्रेम विवाह की रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। बेटी के प्रेम विवाह से नाराज पिता और भाइयों ने लड़के के परिवार पर उस वक्त हमला कर दिया, जब वे डर के मारे गांव छोड़कर जा रहे थे। दबंगों ने ट्रैक्टर-ट्राली रोककर बुजुर्ग पिता पर चाकू से वार किया और साथ मौजूद महिलाओं को लाठी-डंडों से जमकर पीटा।

पीड़ित बाबूराम निवासी सुरला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे सुनील ने करीब 10 महीने पहले गांव के ही लाखन सिंह की बेटी अंजलि से प्रेम विवाह किया था। इसी बात को लेकर लड़की के पिता और बेटे उनसे रंजिश रखते थे। आए दिन की मारपीट और जान से मारने की धमकियों से तंग आकर बाबूराम अपने पूरे परिवार के साथ 3 फरवरी को गांव छोड़कर जा रहे थे। आरोप है कि शाम पीड़ित परिवार ट्रैक्टर-ट्राली में सामान लादकर गांव से निकल रहा था, तभी गांव के बाहर नहर की पुलिया के पास लाखन सिंह, उनके बेटे शिवम, सौरभ और भाई चरन सिंह ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने बाबूराम को ट्रैक्टर से नीचे खींच लिया। लाखन सिंह ने बाबूराम के सिर पर चाकू से वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दबंगों ने ट्राली में बैठी बाबूराम की पत्नी ओमवती, पुत्रवधू सीमा और बेटियों को भी नहीं बख्शा। ,मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मुख्य आरोपी लाखन सिंह को हिरासत में ले लिया, जबकि बाकी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वृद्धा को दबंगों ने डंडों से पीटा, चार पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** आपस में खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद में एक बच्चे ने दूसरे बच्चे के सिर में पत्थर मार कर उसे घायल कर दिया। घायल बच्चे की मां जब शिकायत लेकर गई तो आरोपी बच्चे के परिजनों ने महिला को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। महिला ने कैंट थाने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी अनीता पत्नी बब्बू ने बताया, कि 15 फरवरी को दोपहर करीब 12:30 बजे उनका 3 वर्षीय पुत्र शिवा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले 6 वर्षीय बासु पुत्र हरि सिंह ने उसके बच्चे के सिर में पत्थर मार कर उसे घायल कर दिया। महिला जब शिकायत लेकर बासु के घर गई। तो बासु की मां प्रीति तथा मिथिलेश, खुशबू व पिंकी आदि ने उसे लाठी डंडों से पीटा। महिला जख्मी हो गई। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पलायन नहीं, आपसी भाईचारे से निकलेगा समाधान

बरेली कार्यालय संवाददाता

- मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि बाहरी असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर विवाद खड़ा किया

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज में धार्मिक विवाद और पलायन की चर्चाओं को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि मोहम्मदगंज गांव में हिंदू और मुसलमान लंबे समय से आपसी भाईचारे के साथ रहते आए हैं, लेकिन हाल ही में नमाज को लेकर कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर विवाद खड़ा कर दिया।

मौलाना ने आगे कहा कि इस विवाद के कारण गांव में सांप्रदायिक तनाव का माहौल बना और हिंदू पक्ष द्वारा पलायन के पोस्टर लगाए गए। मुस्लिम पक्ष की ओर से भी पलायन की बात सामने आने लगी। कहा कि किसी भी पक्ष का पलायन किसी समस्या का हल नहीं है। दोनों समुदायों से अपील करते हुए कहा कि हिंदू और मुस्लिम समाज को आपस में बैठकर बातचीत करनी चाहिए और सौहार्दपूर्ण समाधान निकालना चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेली ने कहा कि गांव के लोग बाहरी तत्वों के बहकावे में न आएं। मोहम्मदगंज के हिंदू और मुसलमान आपस में भाई-भाई हैं और देश की तरक्की दोनों समुदायों के सहयोग से ही संभव है। बुधवार को मौलाना शहाबुद्दीन के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलकर विस्तार से चर्चा करेगा।

उधर गांव में पुलिस दिन भर तैनात रही। कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

## नकली बीज से फसल खराब, लाखों रुपये डूबे

संवाद दाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** कस्बे में नकली बीज बेचकर किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का मामला सामने आया है। गांव ज्योरा मकरंदपुर निवासी किसान जसवंत उर्फ दूधिया ने आरोप लगाया है कि गोभी के नाम पर उन्हें घटिया और कथित रूप से नकली बीज थमा दिए गए, जिससे पूरी फसल चौपट हो गई।

किसान के मुताबिक दिसंबर में सब्जी मंडी स्थित एक दुकानदार से 100 ग्राम का एक पैकेट 450 रुपये में 10 पैकेट खरीदे गए। करीब एक एकड़ खेत में 15 हजार पौधे लगाए गए। पौधे तो खूब फले-फूले, लेकिन जब गोभी तैयार हुई तो अंदर से फूल बेहद छोटा निकला।

दुकानदार ने प्रति गोभी वजन एक से डेढ़ किलो तक होने का दावा किया था, लेकिन हकीकत में



नकली बीज से तैयार गोभी दिखाता किसान।

गोभी का वजन महज 200 से 300 ग्राम निकला। किसान का कहना है कि बीज, खाद, दवा और मजदूरी मिलाकर करीब 90 हजार रुपये खर्च हुए, जबकि उत्पादन उम्मीद के मुताबिक न मिलने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित किसान खराब फसल कट्टों में भरकर तहसील पहुंचा और कार्रवाई की मांग की। उसने चेतावनी दी है कि न्याय न मिलने पर उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

## दबंगों ने हमला कर दंपती को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खरगपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक दंपती पर अचानक हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार गांव खरगपुर निवासी द्रोपदी ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर के बाहर बंधी भैंस को खोलने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी चंद्रपाल और धर्मेंद्र तथा उनकी दो बहनों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी।द्रोपदी को बचाने पहुंचे उनके पति को भी आरोपियों ने पीट दिया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भंडारे के बाद विवाद, युवक का गला दबाने का प्रयास

संवाददाता, सिरौली

- बकाया रूपये का भुगतान करने की बात पर हुआ विवाद
- रुपये देने को बुलाया, वहां पहले पीटा फिर अंगोछे से गला दबाया
- पीड़ित ने थाने में दी आरोपियों के खिलाफ तहरीर, रिपोट दर्ज नहीं

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर में एक धार्मिक आयोजन की खुशियों के बीच हुए विवाद में युवक को पहले पीटा गया फिर उसका अंगोछे से गला दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित युवक ने मामले की तहरीर थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संग्रामपुर गांव निवासी फूल सिंहने मंदिर पर रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन कराया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 6000 रुपये के बकाया भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। पीड़ित का आरोप है कि संबंधित पक्ष ने उसे फोन कर पैसे लेने के बहाने एक स्थान पर बुलाया। जब नियत स्थान पर वह पहुँचा, तो पहले से मौजूद लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि पैसे देने के बजाय गालियां दी और विरोध करने पर जमकर पीटा। आरोपियों ने पीड़ित के गले में पड़े गमछे को दोनों ओर से पूरी ताकत से खींचकर उसका गला घोंटने की कोशिश की।

इस हमले से पीड़ित की सांसें अटक गईं और वह गंभीर रूप से भयभीत हो गया।किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ित ने थाना सिरौली पहुँचकर आपबीती सुनाई। थाना पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

## बल्ली गांव में बंद मकान में चोरों ने किए हाथ साफ

**शीशगढ़, अमृत विचार,** बीते कुछ दिनों से गांव बल्ली में हो रही लगातार चोरियां से ग्रामीण दहशत में है और अभी तक किसी वारदात का खुलासा नहीं हो पाया है। बता दें कि गांव बल्ली में सरकारी विद्यालय, पंचायत घर, आरोग्य मंदिर और आयुर्वेदिक चिकित्सालय में दो बार चोरी की वारदात बीते कुछ महीनो में ही हुई है लेकिन किसी एक घटना का अब तक खुलासा नहीं हुआ। तहसील बिलासपुर गांव आरंग नगर खेड़ा निवासी कैकई देवी ने बताया कि उनका एक मकान ग्राम बल्ली में है जहां उनका लड़का देशपाल रहता है, बीती 11 तारीख को वह दिल्ली चला गया। 16 फरवरी को गांव के कुछ लोगों से पता चला कि घर के दरवाजे के ताले टूटे पड़े हैं और घर में चोरी हो गई है। उन्होंने बताया कि घर में रखे नए कपड़े, बर्तन आदि हजारों का कीमती सामान चोरी हुआ है।

# ओसवाल चीनी मिल अधिग्रहण कर चालू कराने की मांग

- पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार के नेतृत्व में कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रतिनिधिमंडल आयुक्त कार्यालय में कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी से मिला और नवाबगंज में बंद पड़ी ओसवाल चीनी मिल को अधिग्रहण कर उसे चालू कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के प्रयास से नवाबगंज के औरंगाबाद में ओसवाल चीनी मिल की स्थापना हुई थी। इस चीनी मिल की स्थापना



कमिश्नर से मिलकर उनके कार्यालय के बाहर मौजूद प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। वर्तमान में चीनी मिल पर करोड़ों रुपये बकाया है। राज्य सरकार और प्रशासन अभी तक किसानों का भुगतान नहीं करा सकी है। प्रशासन इस चीनी मिल को नीलाम कराकर किसानों का भुगतान करना चाहता है पर यह बात क्षेत्र की जनता और किसानों के विरुद्ध होगी। लोगों की मांग है कि सरकार इस मिल को अधिग्रहण कर चालू कराए और किसानों का भुगताना कराने के लिए शीघ्र कार्रवाई करे। प्रतिनिधिमंडल में मास्टर छोटेलाल गंगवार, वंशीधर गंगवार, पंडित घनश्याम शर्मा, साजिद अब्बासी, धर्मपाल गंगवार, मो. सलीम, राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## न्यूज डायरी



### सुपर किंग ने जीता क्रिकेट मैच

**फरीदपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गौसगंज प्रीमियर लीग सीजन 2 सीजन 2 खंडेलवाल ग्राउंड में फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया गौसगंज इलेवन सुपर किंग के बीच यह मैच खेला गया जिसमें गौसगंज इलेवन ने टॉस जीत के पहले फील्डिंग करने का फैसला किया सुपर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 188 रन का गौसगंज इलेवन को टारगेट दिया 130 रन ही बना पाई और सुपर किंग ने 58 रन से मैच जीत गई मैच खत्म होने के बाद दोनों ही टीमों को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया इस बीच टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि फरीदपुर के विधायक रहे स्वर्गीय डॉक्टर श्याम बिहारी लाल उनके बेटे ईशान ग्वाल और सुभाषिनी जायसवाल गौसगंज के वाहिद यार खान फौजी मौजूद रहे हमारे कमेटी के आरिफ खान आसिफ़ खान सलमान खान राशिद चौधरी साजिद खान अनबर मौजूद रहे।

### बीडीओ ने सचिव और प्रधान को दिए तार फेंसिंग कराने के निर्देश

**मीरगंज, अमृत विचार :** मंगलवार को बीडीओ आनन्द विजय यादव, एडीओ पंचायत वीपी सिंह गांव सिमरिया पहुंचे और गड्ढे में डूबी बच्ची के मामले में परिजनों से बातचीत की और प्रधान मीरा देवी और सचिव विशाल कुमार को गड्ढे के चारों ओर तार फेंसिंग कराने के साथ आंगनवाड़ी केंद्र में बनी बाउंड्री जो कि दो जगह से टूटी है उसे सही कराने और बाउंड्री पर लोहे का गेट लगवाने के निर्देश दिए। गांव में उन्होंने घटना स्थल पर जाकर ग्रामीणों को हिदायत दी कि पानी वाले गड्ढों से दूर रहें।बच्चों को उसके पास न जाने दें। रविवार को एक बच्ची गांव में जल निकासी को बने गड्ढे में डूब गई थी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि अभी पीएम रिपोर्ट नहीं आई है।

### युवकों ने बाइक सवार को पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** सड़क घेरकर खड़े युवकों से रास्ता मांगना एक बाइक सवार को भारी पड़ गया। मंगलवार सुबह गांव चिटौली निवासी राहुल अपनी दादी को लेकर दवा लेने जा रहा था। कस्बे के मोहल्ला नौगमा में कुछ युवक शराब के नशे में सड़क घेरकर खड़े थे। राहुल ने बाइक रोककर उनसे साइड से हटने के लिए कहा, जिस पर युवक आक्रोशित हो गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। राहगीरों ने बीच-बचाव कर किसी तरह राहुल को बचाया। मारपीट के दौरान उसकी वृद्ध दादी को भी चोट लग गई।



### डी एम ने की फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक

**आंवला, अमृत विचार :** नगर के तहसील सभागार में मंगलवार को जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप जिलाधिकारी आंवला बिदुषी सिंह, तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार आंवला दीप्ति पाल, नायब तहसीलदार सिरौली दीपक कुमार नायब तहसीलदार बल्लिया रजनीश सक्सेना ,डीडी एजी समस्त खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, एडीओ एजी तथा जिला प्रबंधक सीएससल आदि उपस्थित रहें।जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री की फीडिंग सतप्रसत करने के सभी सीएससी संचालकों को निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी एडीओ . पंचायत व एडीओ एजी को निर्देशित किया कि वह सभी कर्मचारियों से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात डीएम ने जनता एवं किसानों की समस्याओं को सुना। तहसील में 42000 फार्मर रजिस्ट्री रह गयी हैं। उन्हें शीघ्र ही सभी सी . एच सी संचालकों से पूरा करने के निर्देश दिए।

### रमजान में बिजली, पानी और सफाई की व्यवस्था की मांग उठाई

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रमज़ान शरीफ को लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग उठने लगी है। इसी क्रम में ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित कराने की मांग की। कमेटी के सदर मौलाना सलीम रज़ा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि रमज़ान के दौरान बिजली की अघोषित कटौती पूरी तरह बंद की जाए, ताकि इबादत में व्यवधान न हो। साथ ही मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर चूना और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों को तत्काल ठीक कराया जाए। सड़क किनारे स्थित मस्जिदों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जाएं, इसके अलावा अज़ान के दौरान लाउडस्पीकर की आवाज़ निर्धारित सीमा में रखने की बात भी कही गई। ज्ञापन सौंपने वालों में मौलाना लईक अहमद नूरी, मौलाना साजिद रज़वी, मौलाना अंदाज़ अहमद, मो. उमर, गुलाम नवी,आसिफ खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### छावनी परिषद ने कचरा पृथक्करण के लिए किया जागरूक

**कैंट, अमृत विचार :** छावनी परिषद ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीईओ डॉ. तनु जैन के नेतृत्व में पॉलिथीन प्रतिबंध अभियान दूसरे दिन मंगलवार को भी चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिन दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई। इस दौरान 14 दुकानदारों के चालान भी काटे गए। इसके साथ-साथ वार्ड संख्या 2, डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में कचरा पृथक्करण के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान सफाई अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी, एएसआई राजेश कुमार, स्वच्छ भारत मिशन टीम के वार्ड सुपरवाइजर अभिजीत एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शौच को गई नेत्रहीन किशोरी के साथ छेड़छाड़, मुकदमा

**भुता, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव के ही युवक पर अपनी नेत्रहीन नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता ने तहरीर में कहा हैकि रात को उसकी पुत्री ( 12 ) छत पर बने शौचालय में शौच के लिए गई थी। उसकी पुत्री नेत्रहीन है। इसी बीच गांव निवासी देवदत्त पुत्री को जबरन कमरे में ले जाकर छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर उसका भाई मौके पर पहुंचा तभी आरोपी भाग गया। जब किशोरी का पिता शिकायत करने देवदत्त के घर पहुंचा।

तभी वहां पर मौजूद देवदत्त ,विजयपाल ,अमित कुमार ,प्रमोद कुमार ,ने गाली गलौज शुरू कर दी। उक्त आरोपी गंदी गंदी गलियां देने के साथ-साथ मारपीट भी करने लगे। पीड़ित किशोरी के पिता ने तहरीर देकर थाने में उक्त आरोपियों विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# बहेड़ी गृहकर का मुद्दा अताउर ने सदन में उठाया

बरेली कार्यालय संवाददाता

- जिले की दूसरी नगर पालिकासे भी बहेड़ी की दरें ज्यादा
- 2017 में एसडीएम राज में लागू हुईं थीं दरें, आपत्ति लगाने कोई नहीं आया आगे

**अमृत विचार:** 2023 में नगर पालिका बोर्ड ने दरें कम करने का किया था अनुरोध

विधायक बहेड़ी अताउर रहमान ने मंगलवार को विधान सभा में नगर पालिका के बेतहाशा गृह कर का मुद्दा उठाया। बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि बहेड़ी नगर पालिका में लागू गृह कर की दरें बरेली ज़िले की दूसरी नगर पालिकाओं में लागू दरों से बहुत ज़्यादा हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ नगर निगम की दरें भी बहेड़ी से कम हैं। विधायक ने गृह कर की दरें कम करने की मांग उठाई।

नगर पालिका, बहेड़ी जिले की आंवला , फरीदपुर नगर पालिकाओं में लागू दरों से कई गुना ज़्यादा गृहकर वसूल रही है। नगर पालिका में इस वक्त वसूला जा रहा टैक्स 2017 में लागू हुआ था। जब बोर्ड भंग था उस समय टैक्स की दर लागू की गई थी। यानि नगर पालिका में एसडीएम का राज था। उसी दौर में ही टैक्स की दरें प्रस्तावित हुईं, और फिर लागू भी हो गईं। मौजूदा नगर पालिका बोर्ड की 2023में हुई बैठक में गृह कर की इन दरों पर चिंता जताते हुए इसे ज़्यादा बताया था। बैठक में इन दरों को कम करने के लिए शासन में पैरवी करने का प्रस्ताव भी हुआ था। चेयरमैन रश्मि जायसवाल ने बताया कि गृह कर की दरों को कम करने के लिए शासन से अनुरोध किया गया था, लेकिन लागू हो गई दरों में कमी नहीं हो पाई।



विधानसभा में बहेड़ी के मुद्दा उठाते अताउर रहमान। ● अमृत विचार

टैक्स का तुलनात्मक विवरण( वर्गफ़ीट )

| श्रेणी | बहेड़ी | आंवला | फरीदपुर | लखनऊ |
|---|---|---|---|---|
| 24 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन | | | | |
| आरसीसी / आरबीसी | 3.50 पैसे | 0.75 पैसे | 1.50 पैसे | 1.50-2.25 |
| अन्य पक्का | 2.50 पैसे | 0.60 पैसे | 1.20 पैसे | 1.25-2.00 |
| कच्चा | 2.00 पैसे | 0.40 पैसे | 0.60 पैसे | 0.50-1.00 |
| 12 मीटर से 24 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित भवन | | | | |
| आरसीसी / आरबीसी | 3.00 पैसे | 0.60 पैसे | 1.20 पैसे | 1.25-2.00 |
| अन्य पक्का | 2.00 पैसे | 0.50 पैसे | 1.00 पैसे | 1.00-1.75 |
| कच्चा | 1.50 पैसे | 0.30 पैसे | 0.60 पैसे | 0.30-0.70 |
| 9 मीटर से 12 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित भवन | | | | |
| आरसीसी / आरबीसी | 2.75 पैसे | 0.50 पैसे | 1.00 पैसे | 1.00-1.50 |
| अन्य पक्का | 1.60 पैसे | 0.40 पैसे | 0.80 पैसे | 0.75-1.00 |
| कच्चा | 1.10 पैसे | 0.20 पैसे | 0.40 पैसे | 0.15-0.60 |
| 9 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर स्थित भवन | | | | |
| आरसीसी / आरबीसी | 2.50 पैसे | 0.50 पैसे | | |
| अन्य पक्का | 1.50 पैसे | 0.40 पैसे | | |
| कच्चा | 1.00 पैसे | 0.20 पैसे | | |

### बंद पड़ी कताई मिल की जगह में मेडिकल कॉलेज बनाया जाए

**बरेली अमृत विचार :** विधायक अताउर रहमान ने बंद पड़ी बहेड़ी कताई मिल की जगह में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने और बहेड़ी में रोडवेज डिपो बनाने की मांग विधानसभा में उठाई। वह मंगलवार को विधान सभा में बजट पर चर्चा बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि बहेड़ी में कताई मिल एक लम्बे अरसे से बंद पड़ी है। इसके पास काफी खाली जगह भी है। यहां मेडिकल कॉलेज बनने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। विधायक ने बहेड़ी केसर मिल और रिछा रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज और बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग भी की। उन्होंने बहेड़ी में चावल निर्यात के लिए एक्सपोर्ट जोन बनाने की मांग भी रखी।

### शहजिल ने विधानसभा में उठाया बरेली में एम्स का मुद्दा

**भोजीपुरा।** विधान सभा सत्र दौरान सपा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी ने एम्स अस्पताल का मुद्दा जोर शोर से उठाया। उन्होने कहा बरेली में गंभीर मरीजों को दिल्ली या लखनऊ जाना पड़ता है जिले में मरीज़ों को बड़े एम्स अस्पताल की बड़ी जरूरत है। उन्होंने दूसरी मांग में कहा कि बिलवा स्थित सरकारी जमीन पर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

